एक नजर में

रैली निकालकर लोगों को दी जानकारी

निवाली। नगर से 6 किमी दूर ग्राम वझर में नवभारत उल्लास साक्षरता जागरूकता अभियान के तहत साक्षरता की जानकारी दी गई। हाट बाजार के दिन नवभारत उल्लास साक्षरता संकुल समन्वयक दिनेश डावर, जन शिक्षक पंकज चौहान, बीएससी पवन दास ने रैली निकालकर लोगों को साक्षरता के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान महेंद्र गोयल, रामलाल पीपलोदे, संतोष शितोले, अमरसिंह जाधव, अनिल भालसे, गेंदालाल ओहरे, चंपालाल तरौले, भागवत डावर, शैलेंद्र शितोले, अर्जुन निगवाल, मोहन बडौड, सुभाष भालसे, जितेंद्र जायसवाल, मांगीलाल गांगले, बसंती डुडवे, सविता डावर, रिया लोहार, संजू मंडलोई, कौशल्या आर्य, दिव्यानी राजावत, किरण बघेल, सीमा खारतीया सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

विवाह की वर्षगांठ पर बांटी खुशियां, दीनदयाल रसोई केंद्र पहुंच जरूरतमंदों को कराया भोजन

बड़वानी। मानव सेवा ही माधव सेवा की मिसाल पेश करते हुए शहर निवासी नवीन शर्मा अपनी विवाह वर्षगांठ पर जरूरतमंदों में खुशियां बांटी।अपने इस विशेष दिन पर नवीन शर्मा और पूजा शर्मा मुख्यालय पर संचालित दीनदयाल रसोई केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने जरूरतमंदों को भोजन परोस कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया। नवीन शर्मा ने बताया कि भूखे को अन्न खिलाने से जो आत्मिक संतुष्टि मिली। वह दुनिया के हर तोहफे से बढ़कर है। श्री शर्मा ने सभी से आग्रह किया है कि जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ या किसी भी शुभ अवसर पर कुछ समय निकालकर जरूरतमंदों की सहायता करें। भूखे को भोजन कराना, किसी जरूरतमंद की मदद करना ही सच्ची मानवता और सबसे बड़ी पूजा है। इस दौरान दीनदयाल रसोई केंद्र एवं लायंस क्लब के लॉयन महेश शर्मा का भी सहयोग रहा।

स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

बड़वानी। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित के अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना योजनान्तर्गत उद्योग विनिर्माण ईकाई के लिए राशि 1 से 50 लाख तक की परियोनाएं एवं सेवा (सर्विस) ईकाई एवं खुदरा व्यवसाय (रिटेल ट्रेड) हेतु 1 से 25 लाख तक की परियोजनाएं तथा ब्याज अनुदान 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमति रूप से ऋण भुगतान के लिए तथा मप्र शासन द्वारा गांरटी फीस देय होगी।

आईएमए की डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप

इंदौर. अब कारोबार बढ़ाना हो, नौकरी पानी हो या घर बैठे कमाई करनी हो, डिजिटल मार्केटिंग सीखना सबके लिए ज़रूरी हो गया है. इसी सोच के साथ इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन (आईएमए) ने जाल ऑडिटोरियम, साउथ तुकोगंज में 3 दिवसीय डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप का आयोजन किया. वर्कशॉप में 40 से अधिक विद्यार्थियों, व्यापारियों, उद्यमियों और नौकरीपेशा लोगों ने भाग लिया और डिजिटल मार्केटिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आधुनिक टूल्स की व्यावहारिक ट्रेनिंग ली. वर्कशॉप के मुख्य प्रशिक्षक एवं डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ श्री पवन त्रिपाठी ने तीनों दिन प्रतिभागियों को सरल भाषा और लाइव उदाहरणों के साथ प्रशिक्षण दिया. आईएमए के प्रेसिडेंट नवीन खंडेलवाल ने कहा आईएमए का उद्देश्य युवाओं और पेशेवरों को उद्योग की आज की ज़रूरतों के हिसाब से तैयार करना है। इस वर्कशॉप को मिले शानदार रिस्पॉन्स को देखते हुए आगे भी डिजिटल स्किल, उद्यमिता, नेतृत्व विकास और प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

सैमसंग ने फुटबॉल प्रशंसकों के लिए शुरू किया कैम्पेन

इंदौर . सैमसंग इंडिया ने फुटबॉल प्रेमियों के लिए अपने विजन एआई बिग टीवी पर विशेष ऑफर्स की घोषणा की है. बिग गेम, बिगर स्क्रीन, बिगेस्ट मोमेंट्स नामक इस कैम्पेन के तहत कंपनी ग्राहकों को घर बैठे टीवी पर मैच देखने का रोमांचक अनुभव देती है, जो उन्हें स्टेडियम जैसा रोमांच महसूस कराता है.

अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई एक करोड़ से अधिक के डंपर-जेसीबी जब्त

आलीराजपुर। जिले में अवैध रेत खनन के विरुद्ध प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पोकलेन मशीन, जेसीबी, ट्रैक्टर एवं रेत बनाने तथा धोने की मशीन जप्त की है। जप्त किए गए समस्त उपकरणों की अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। प्रभारी खनिज अधिकारी तपीस पाण्डे ने बताया कि जिले में अवैध रेत खनन की लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर नीतू माथुर के निर्देशन में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई। संयुक्त दल ने ग्राम सौरवा के दरवाडिया फलिया क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से रेत खनन एवं प्रसंस्करण का कार्य करते हुए एक व्यक्ति भूचरिय के परिसर से भारी मशीनरी एवं उपकरण जब्त किए। कार्रवाई के दौरान मौके पर एक पोकलेन मशीन, एक जेसीबी, एक ट्रैक्टर सहित रेत बनाने एवं धोने में उपयोग की जाने वाली मशीनें संचालित पाई गईं। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी उपकरणों को जप्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में अवैध रूप से रेत उत्खनन एवं प्रसंस्करण किए जाने के संकेत मिले हैं। कलेक्टर नीतू माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाए तथा ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संयुक्त कार्रवाई के दौरान एसडीएम निधि मिश्रा, तहसीलदार सुश्री सरिता बालेचा, खनिज निरीक्षक सतीश नागले सहित राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग का अमला उपस्थित रहा।

डीएपी की जगह एनपीके पर जोर, किसानों को नहीं भरोसा

बड़वानी, (नवभारत)। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच जिले में डीएपी खाद की भारी कमी किसानों के लिए बड़ी चिंता बन गई है। डबल लॉक केंद्रों पर डीएपी उपलब्ध नहीं होने से अन्नदाता परेशान हैं। इस सीजन में जिले को लक्ष्य से 78 प्रतिशत कम डीएपी मिली है। मांग और आपूर्ति में बड़ा अंतर बन गया है। जिले के लिए 8100 मीट्रिक टन डीएपी का लक्ष्य रखा गया था। इसमें से अब तक सिर्फ 1772 मीट्रिक टन ही प्राप्त हुई है। 1439 मीट्रिक टन का वितरण हो चुका है और 333 मीट्रिक टन स्टॉक में है।

किसानों का कहना है कि वे वर्षों से बोवनी के समय डीएपी का उपयोग करते आए हैं। इसकी कार्यक्षमता पर उनका पूरा भरोसा है। डीएपी नहीं मिलने पर उन्हें विकल्प के रूप में एनपीके खाद लेने की सलाह दी जा रही है। लेकिन अधिकांश किसान एनपीके कॉम्प्लेक्स को लेकर आश्वस्त नहीं हैं। वे सीमित मात्रा में ही इसे खरीद रहे हैं। कई किसान डबल लॉक केंद्रों और सहकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। कुछ निजी विक्रेताओं के यहां भी डीएपी तलाश रहे हैं। किसानों का कहना है कि बोवनी का समय नजदीक है। समय पर खाद नहीं मिली तो फसल की उत्पादकता घटेगी।

कृषि विभाग की जानकारी अनुसार विभाग द्वारा कलेक्टर जयति सिंह के माध्यम से खरीफ के लिए यूरिया 15 हजारए डीएपी या एनपीके कॉम्प्लेक्स 10 हजार और पोटाश 1 हजार मीट्रिक टन की मांग शासन को भेजी गई है। अधिकारियों का कहना है कि डीएपी में नाइट्रोजन और फॉस्फोरस दो तत्व मिलते हैं, जबकि एनपीके में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश तीन तत्व होते हैं। जानकारी देकर किसानों को जागरूक किया जा रहा है। लेकिन किसान नेताओं के अनुसार गांवों में अभी भी डीएपी की मांग अधिक है। ऐसे में खाद की उपलब्धता और किसानों का भरोसा जीतना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।

विशेषज्ञों के अनुसार डीएपी के दाम स्थिर रखने से उसकी आपूर्ति कम हो रही है। जबकि एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। लेकिन एनपीके के दाम 2450 रुपए तक बढ़ने से किसानों पर बोझ बढ़ा है। जिला विपणन संघ के मुताबिक यूरिया की 45 किलो बोरी 266 रुपए 50 पैसे और डीएपी 50 किलो बोरी 1350 रुपए में मिल रही है। वहीं एनपीके 20.20.0.13 के दाम 1400 से बढ़कर 1900 रुपए हो गए हैं। 10.26.26 कॉम्प्लेक्स में भी करीब 550 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इससे किसानों की लागत बढ़ गई है।

एनपीके में तीन तत्व

डीएपी में नाइट्रोजन 18 प्रतिशत और फॉस्फोरस 46 प्रतिशत होता है, जबकि एनपीके कॉम्प्लेक्स में नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश तीनों तत्व होते हैं। इससे फसलों को संतुलित पोषण मिलता है और उत्पादन बढ़ता है। किसानों को संतुलित उर्वरक के लिए जागरूक किया जा रहा है।

कैलाश वास्केल, उप संचालक कृषि विभाग

किसान बोले खर्च बढ़ा, डीएपी गायब

चकेरी निवासी किसान जगदीश धनगर ने कहा कि एनपीके मिल रही है, लेकिन कीमत ज्यादा है। बोवनी के समय खर्च पहले से बढ़ा है। खाद महंगी पड़ रही है। डीएपी कम लगती थीए एनपीके ज्यादा लगेगी।

किसान रमेश बरफा अंजड़ ने बताया कि एनपीके महंगी है। बोवनी का खर्च बढ़ने से दिक्कत हो रही है। डीएपी कम मात्रा में काम करती थी।

किसान जितेन मेवाड़, तलवाड़ा डेब ने कहा कि कालाबाजारी से डीएपी गायब है। इस कारण एनपीके के दाम बढ़े हैं। ई-टोकन के बाद भी लाइन लगाना पड़ रही है।

एसपी ने स्नेहा का किया सम्मान

बड़वानी, (नवभारत)। जापान में हुई अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम के साथ कांस्य पदक जीतकर जिले, प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाने वाली राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी स्नेहा दावदे के एसपी पद्मविलोचन शुक्ल ने उनके निवास पहुंच सम्मान किया। एसपी ने स्नेहा को पुष्पगुच्छ एवं हॉकी स्टिक भेंट कर शुभकामनाएं दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही स्नेहा के माता-पिता का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान करते हुए बेटी की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी गई।

युवा प्रतिभाओं के लिए है प्रेरणास्त्रोत

एसपी शुक्ल ने कहा कि स्नेहा दावदे की उपलब्धि जिले की युवा प्रतिभाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है, उनकी सफलता यह सिद्ध करती है कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी महेश सुनैया व थाना प्रभारी बलजीतसिंह बिसेन भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने स्नेहा दावदे को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले, प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करने की कामना की।

मीना गिरासे बनी असिस्टेंट प्रोफेसर

▶ कम उम्र में पिता की मौत के बाद माता और भाई ने पढ़ाया

पानसेमल, (नवभारत)। तहसील क्षेत्र के छोटे से ग्राम पाडल्या निवासी मीना गिरासे की मेहनत, लगन के साथ संघर्ष भरे जीवन के बाद पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर पहुंची है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि घर पर एक हादसे में आग लगने के दौरान पिता का साया 1 वर्ष की उम्र में उठ गया। जिसके बाद माता एवं बड़े भाई ने मीना को पढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। मीना ने 2024 में तैयारी करते हुए पहली बार में ही पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की मीना ने कक्षा 10वीं 12वी बड़वानी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय से उत्तीर्ण की ओर बीएससी एवं एमए भूगोल से बड़वानी पीजी कॉलेज से करते हुए लक्ष्य को जारी रखा। अपने जीवन में माता-पिता, भाई-बहन और गुरु को सफलता का श्रेय देने वाली मीना ने बताया कि जीवन में उन्होंने कभी भी हिम्मत नहीं हारी और लक्ष्य को लेकर लगातार ध्यान दिया। आज असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के बाद उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि उनकी मेहनत का सार्थक परिणाम मिला है। परिवार ने उन्हें बधाई दी है।

उनकी भाभी ने बताया कि पिता की मौत के बाद बड़े भाई ने मीना को बेटी की तरह माना और उसे निरंतर पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कन्या शाला की छात्रा पूजा सोनी ने बताया कि मीना मेम ने उन्हें भूगोल विषय पढ़ाया बहुत संघर्ष के बाद वे इस मुकाम पर पहुंची है। शाकवि स्टॉफ ने आतिशबाजी कर उन्हें बधाई दी है। उनके परिवार में माता देवली बाई तेरसिंह, धानकी बाई तेरसिंह बड़े भैय्या रमेश, भाभी बाना बाई, छोटे भाई रायसिंह, भाभी रिंगु बाई, छोटी बहन सुमन गिरासे सहित ग्रामीणों ने मिठाई खिलाकर उन्हें बधाई दी।

कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने किया बिजली डीपी का लोकार्पण

▶ ग्रामीणों को मिलेगी क्वालिटी पूर्ण बेहतर बिजली की सुविधा

आलीराजपुर। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने विधायक निधि से विभिन्न ग्रामों में स्वीकृत विद्युतीकरण कार्यों के अंतर्गत विद्युत डीपी लोकार्पण कर ग्रामीणों को बेहतर विद्युत सुविधा की सौगात दी।

विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने ग्राम पिपलियावाट में, ग्राम डेडकुंडा में, ग्राम बडदली में तथा ग्राम बयडिया के दो फलियों में किए गए विद्युतीकरण कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने लंबे समय से विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने की मांग रखी थी, जिसके बाद विधायक निधि से इन कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर पूर्ण कराया गया। नई डीपी स्थापित होने से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा तथा कम वोल्टेज और बार-बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से ग्रामीणों को राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष विक्रम भयड़िया, नरीन मोरी, मंडल अध्यक्ष गोविंद आवासीय सहित कई जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी और ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। लोकार्पण के बाद कैबिनेट मंत्री चौहान ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर बोलीं : लोग वेबसाइड पर दें यूसीसी के लिए सुझाव

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर ने बताया कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) एक महत्वपूर्ण विषय है, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों के लिए समानता, न्याय एवं एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह विषय प्रत्येक नागरिक के जीवन और अधिकारों से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, युवाओं एवं महिलाओं से अपील है कि वे समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में अपने विचार, सुझाव एवं सुझावात्मक टिप्पणियां अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के सुझाव इस महत्वपूर्ण विषय पर जनभावनाओं को समझने और बेहतर निर्णय प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करेंगे।सुझाव देने के लिए नागरिक यूसीसी की आधिकारिक वेबसाइट ह्रष्ष.द्बश्च.द्दश1.द्बद्ध पर जाकर ऑनलाइन अपने विचार दर्ज कर सकते हैं।

सिंहस्थ-2028 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम बैच की ट्रेनिंग पूर्ण...

आलीराजपुर। सिंहस्थ-2028 महापर्व के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 8 जून से आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की दूसरी बैच की ट्रेनिंग पूर्ण हो गई है। शनिवार को जिले के पुलिस कंट्रोल रूम आलीराजपुर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल (विसब) और होमगार्ड के कुल 40 अधिकारी-कर्मचारी सम्मिलित हुए।

समापन अवसर पर अति पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर ज्योति उमठ बघेल उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में अनुशासन, सेवा भावना, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रेरित किया।

प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षकों द्वारा सिंहस्थ से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों जैसे भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, जल बचाव, संचार व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के प्रति व्यवहारिक दक्षता आदि विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अन्तिम दिन प्राथमिक उपचार आदि की ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा भविष्य में प्राप्त प्रशिक्षण का प्रभावी उपयोग कर सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया।

स्कोडा ने नई कोडियाक आरएस लॉन्च करने का किया ऐलान

इंदौर . स्कोडा ऑटो इंडिया अपनी हाई-परफॉर्मेंस आरएस रेंज को नई कोडियाक आरएस के साथ और मजबूत करने जा रही है. 50 वर्षों से अधिक पुरानी आरएस विरासत और 125 वर्षों से ज्यादा के मोटरस्पोर्ट इतिहास पर आधारित यह नया मॉडल ब्रांड की परफॉर्मेंस-उन्मुख पहचान को और मजबूती देता है. 22 जून से बुकिंग के लिए उपलब्ध होने वाली कोडियाक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, शानदार मोटरस्पोर्ट कैरेक्टर, सात-सीटर लग्ज़री की बहुउपयोगिता और 4×4 तकनीक से लैस बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन मेल पेश करती है.

गुप्ता बने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी, ओझा को सहमीडिया प्रभारी का दायित्व

आलीराजपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत जिला मीडिया प्रभारी एवं सह मीडिया प्रभारी की घोषणा की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, इंदौर संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत तथा जिला प्रभारी दिलीप पटोदिया की सहमति एवं अनुशंसा से विधायक प्रतिनिधि गोविंदा गुप्ता को भारतीय जनता पार्टी का जिला मीडिया प्रभारी और आशुतोष ओझा को सहमीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया।

गोविंदा गुप्ता वर्तमान में कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान के विधायक प्रतिनिधि के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

साथ ही वे कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान और सांसद अनिता चौहान द्वारा जनहित में संचालित मंत्री-सांसद हेल्पलाइन के रतलाम, झाबुआ एवं आलीराजपुर जिलों के प्रभारी का दायित्व भी संभाल रहे हैं। जनसमस्याओं के निराकरण एवं आमजन की सहायता के क्षेत्र में उनके कार्यों को संगठन और जनता के बीच विशेष पहचान मिली है। वही संगठन में गोविंदा गुप्ता भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के रूप में संगठनात्मक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे थे। पार्टी के विभिन्न अभियानों, जनसंपर्क कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस संगठनात्मक नियुक्ति के बाद कैबिनेट मंत्री नागरसिंह चौहान, सांसद अनिता चौहान, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित जनप्रतिनिधियों ने गोविंदा गुप्ता एवं आशुतोष ओझा को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में जिला स्तर पर पार्टी की मीडिया गतिविधियों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा संगठन की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी प्रचार-प्रसार होगा।